SO/Steno (GD-B/GD-I) LDCE – 2025

Prepp
Your Personal Exams Guide

***जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें***

**टी. बी. सी. : RFAW-P-PRI**

क्रम संख्या 1001433

परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम

**A**

# परीक्षण पुस्तिका

## प्रश्न-पत्र I

***समय : दो घण्टे*** | ***पूर्णांक : 150***

## अनुदेश

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए ।
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की ज़िम्मेदारी उम्मीदवार की है । किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा ।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर ***और कुछ न*** लिखें ।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए ***केवल एक ही*** प्रत्युत्तर चुनना है ।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ***ही*** अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।
6. ***सभी*** प्रश्नांशों के अंक समान हैं ।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर ***केवल उत्तर-पत्रक*** अधीक्षक को सौंप दें । आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं ।
10. **ग़लत उत्तरों के लिए दंड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए ग़लत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा ।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक ग़लत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दंड के रूप में काटा जाएगा ।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **ग़लत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही, उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दंड नहीं** दिया जाएगा ।

***जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें***

***Note :*** English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.

1. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस संशोधन अधिनियम के द्वारा संपत्ति के अधिकार को मूल अधिकार की सूची से लोप किया गया ?

(a) चवालीसवाँ संशोधन अधिनियम

(b) बयालीसवाँ संशोधन अधिनियम

(c) पहला संशोधन अधिनियम

(d) छिहत्तरवाँ संशोधन अधिनियम

2. भारत के संविधान के प्रारंभ पर नागरिकता के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. प्रत्येक व्यक्ति जिसका भारत के राज्यक्षेत्र में अधिवास है, भारत का नागरिक होगा।

2. जिसके माता या पिता में से कोई भारत के राज्यक्षेत्र में जन्मा था, भारत का नागरिक होगा।

3. जो ऐसे प्रारंभ से ठीक पहले कम-से-कम पाँच वर्ष तक भारत के राज्यक्षेत्र में मामूली तौर से निवासी रहा है, भारत का नागरिक होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

3. समता के अधिकार के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राज्य को स्त्रियों और बालकों के लिए कोई विशेष उपबंध करने की शक्तियाँ हैं।

2. राज्य, सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए नागरिकों के किन्हीं वर्गों की उन्नति के लिए या अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए कोई विशेष उपबंध कर सकता है।

3. राज्य, सामाजिक और शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े हुए नागरिकों के किन्हीं वर्गों या अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से भिन्न, आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के किन्हीं वर्गों की उन्नति के लिए कोई विशेष उपबंध कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

4. अग्रणी ही विजेता प्रणाली (फर्स्ट पास्ट दि पोस्ट सिस्टम) में, उस उम्मीदवार को विजेता घोषित किया जाता है, जो :

(a) अधिकतम संख्या में डाक मतपत्र प्राप्त करता है

(b) उस दल का है, जिसे देश में सर्वाधिक मत प्राप्त होते हैं

(c) निर्वाचन-क्षेत्र में किसी भी अन्य उम्मीदवार से अधिक मत प्राप्त करता है

(d) बिना किसी भूल के, पहला नामांकन प्रस्तुत करता है

5. भारत के संविधान का कौन-सा भाग निर्वाचनों से संबंधित है ?

(a) भाग 9

(b) भाग 16

(c) भाग 11

(d) भाग 15

Prepp
Your Personal Exams Guide

1. Which one of the following Amendment Acts of the Constitution of India omitted the Right to Property from the list of Fundamental Rights ?

(a) $44^{th}$ Amendment Act

(b) $42^{nd}$ Amendment Act

(c) $1^{st}$ Amendment Act

(d) $76^{th}$ Amendment Act

2. Consider the following statements regarding citizenship at the commencement of the Constitution of India :

1. Every person who has his domicile in the territory of India, shall be a citizen of India.
2. Either of whose parents was born in the territory of India, shall be a citizen of India.
3. Who has been ordinarily a resident in the territory of India for not less than five years immediately preceding such commencement, shall be a citizen of India.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

3. Consider the following statements regarding the Right to Equality :

1. The State has the powers to make any special provision for women and children.
2. The State can make any special provision for the advancement of any socially and educationally backward classes of citizens or for SC and ST.
3. The State can make any special provision for the advancement of any economically weaker sections of citizens other than any socially and educationally backward classes of citizens or for SC and ST.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

4. In the First Past the Post System, that candidate is declared winner who :

(a) secures the largest number of postal ballots

(b) belongs to the party that has highest number of votes in the country

(c) has more votes than any other candidate in the constituency

(d) submits first nomination without mistakes

5. Which Part of the Constitution of India is related to elections ?

(a) Part IX

(b) Part XVI

(c) Part XI

(d) Part XV

Prepp
Your Personal Exams Guide

6. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद प्राथमिक स्तर पर मातृभाषा में शिक्षा की सुविधाओं को सुकर बनाता (facilitates) है ?

(a) अनुच्छेद 350क
(b) अनुच्छेद 350
(c) अनुच्छेद 350ख
(d) अनुच्छेद 351

7. भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में बानवेवाँ संशोधन अधिनियम द्वारा निम्नलिखित में से कौन-सी भाषाएँ अंतःस्थापित की गई थीं ?

1. बोडो
2. मणिपुरी
3. मैथिली

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

8. भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची में दल-परिवर्तन विधि (anti-defection laws) के बारे में उपबंध हैं। भारत के संविधान में दसवीं अनुसूची निम्नलिखित में से किस संशोधन अधिनियम द्वारा जोड़ी गई थी ?

(a) बयालीसवाँ संशोधन अधिनियम
(b) बावनवाँ संशोधन अधिनियम
(c) बहत्तरवाँ संशोधन अधिनियम
(d) बानवेवाँ संशोधन अधिनियम

9. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में, राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व में समान न्याय और निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में उपबंध हैं ?

(a) अनुच्छेद 39
(b) अनुच्छेद 39क
(c) अनुच्छेद 43
(d) अनुच्छेद 43क

10. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में यह उपबंध है कि राज्य देश के पर्यावरण के संरक्षण तथा संवर्धन का और वन तथा वन्य जीवों की रक्षा करने का प्रयास करेगा ?

(a) अनुच्छेद 49
(b) अनुच्छेद 48
(c) अनुच्छेद 48क
(d) अनुच्छेद 49क

11. भारत के संविधान का/के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद/किन अनुच्छेदों में राज्यों की विधान-सभाओं में आंग्ल-भारतीय समुदाय के प्रतिनिधित्व का उपबंध है/हैं ?

1. अनुच्छेद 333
2. अनुच्छेद 331
3. अनुच्छेद 332
4. अनुच्छेद 330

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3
(b) 1, 2 और 4
(c) केवल 1
(d) केवल 2

12. भारत के संविधान के अनुच्छेद 22 का निम्नलिखित में से कौन-सा खंड गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को गिरफ्तारी के कारणों से अवगत कराए जाने को आज्ञापक बनाता है ?

(a) खंड 2
(b) खंड 4
(c) खंड 5
(d) खंड 1

Prepp
Your Personal Exams Guide

6. Which one of the following Articles of the Constitution of India facilitates for instruction in mother-tongue at primary stage ?

(a) Article 350A
(b) Article 350
(c) Article 350B
(d) Article 351

7. Which of the following languages were inserted in the 8th Schedule of the Constitution of India by the $92^{nd}$ Amendment Act ?

1. Bodo
2. Manipuri
3. Maithili

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

8. The $10^{th}$ Schedule of the Constitution of India contains provisions regarding anti-defection laws. Which one of the following Amendment Acts added the $10^{th}$ Schedule to the Constitution of India ?

(a) $42^{nd}$ Amendment Act
(b) $52^{nd}$ Amendment Act
(c) $72^{nd}$ Amendment Act
(d) $92^{nd}$ Amendment Act

9. Which one of the following Articles of the Constitution of India in the Directive Principles of State Policy has provisions regarding equal justice and free legal aid ?

(a) Article 39
(b) Article 39A
(c) Article 43
(d) Article 43A

10. Which one of the following Articles of the Constitution of India provides that the State shall endeavour to protect and improve the environment and to safeguard the forests and wild life of the country ?

(a) Article 49
(b) Article 48
(c) Article 48A
(d) Article 49A

11. Which of the following Articles of the Constitution of India provide(s) for the representation of the Anglo-Indian community in the Legislative Assemblies of the States ?

1. Article 333
2. Article 331
3. Article 332
4. Article 330

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1, 2 and 3
(b) 1, 2 and 4
(c) 1 only
(d) 2 only

12. Which one of the following clauses of Article 22 of the Constitution of India makes it mandatory to give information about the grounds of arrest to the person arrested ?

(a) Clause 2
(b) Clause 4
(c) Clause 5
(d) Clause 1

Prepp
Your Personal Exams Guide

13. भारत के संविधान में निम्नलिखित में से कौन-सा संशोधन अधिनियम स्थानीय नगरीय निकायों और नगरपालिकाओं के बारे में है ?

(a) तिहत्तरवाँ संशोधन अधिनियम
(b) चौहत्तरवाँ संशोधन अधिनियम
(c) बहत्तरवाँ संशोधन अधिनियम
(d) पचहत्तरवाँ संशोधन अधिनियम

14. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद राष्ट्रीय महत्त्व के संस्मारकों, स्थानों और वस्तुओं के संरक्षण के बारे में है ?

(a) अनुच्छेद 46
(b) अनुच्छेद 47क
(c) अनुच्छेद 49क
(d) अनुच्छेद 49

15. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से कौन-से अनुच्छेद संसद को प्राधिकृत करते हैं कि वह संघ या किसी राज्य की सेवा में नियोजित व्यक्तियों का, उनके किसी ऐसे कार्य के संबंध में संरक्षण कर सकेगी, जो उन्होंने सेना विधि प्रवृत्त रहने के दौरान व्यवस्था के बनाए रखने या पुनःस्थापन के संबंध में किया है ?

1. अनुच्छेद 33
2. अनुच्छेद 34
3. अनुच्छेद 35
4. अनुच्छेद 32

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1 और 2
(b) 2 और 3
(c) 1 और 3
(d) 2 और 4

16. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद संसद के प्रत्येक सदन के सदस्यों के वेतन और भत्तों के बारे में है ?

(a) अनुच्छेद 107
(b) अनुच्छेद 106
(c) अनुच्छेद 105
(d) अनुच्छेद 108

17. भारत के संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद राज्य को, उस राज्य में प्रयोग होने वाली किसी भाषा को राजभाषा के रूप में अंगीकार करने के लिए समर्थ बनाता है ?

(a) अनुच्छेद 344
(b) अनुच्छेद 345
(c) अनुच्छेद 346
(d) अनुच्छेद 347

18. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में भाषाई अल्पसंख्यक वर्गों के लिए एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति का उपबंध है ?

(a) अनुच्छेद 349
(b) अनुच्छेद 350
(c) अनुच्छेद 350क
(d) अनुच्छेद 350ख

19. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में किसी विशिष्ट धर्म की अभिवृद्धि के लिए करों के संदाय के बारे में स्वतंत्रता का उपबंध है ?

(a) अनुच्छेद 25
(b) अनुच्छेद 26
(c) अनुच्छेद 27
(d) अनुच्छेद 28

Prepp
Your Personal Exams Guide

13. Which one of the following Amendment Acts in the Constitution of India deals with the local urban bodies and Nagarpalikas ?

(a) 73rd Amendment Act

(b) 74th Amendment Act

(c) 72nd Amendment Act

(d) 75th Amendment Act

14. Which one of the following Articles of the Constitution of India deals with the protection of monuments and places and objects of national importance ?

(a) Article 46

(b) Article 47A

(c) Article 49A

(d) Article 49

15. Which of the following Articles of the Constitution of India authorise the Parliament to protect persons in the service of the Union or a State in respect of any action taken by them during martial law to maintain or restore order ?

1. Article 33
2. Article 34
3. Article 35
4. Article 32

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 and 2

(b) 2 and 3

(c) 1 and 3

(d) 2 and 4

16. Which one of the following Articles of the Constitution of India deals with salaries and allowances of Members of either House of Parliament ?

(a) Article 107

(b) Article 106

(c) Article 105

(d) Article 108

17. Which one of the following Articles of the Constitution of India enables the State to adopt any language in use in State as official language ?

(a) Article 344

(b) Article 345

(c) Article 346

(d) Article 347

18. Which one of the following Articles of the Constitution of India makes provisions for appointment of a Special Officer for linguistic minorities ?

(a) Article 349

(b) Article 350

(c) Article 350A

(d) Article 350B

19. Which one of the following Articles of the Constitution of India has the provision regarding freedom as to payment of taxes for promotion of any particular religion ?

(a) Article 25

(b) Article 26

(c) Article 27

(d) Article 28

Prepp
Your Personal Exams Guide

**20.** भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में भारत के उच्चतम न्यायालय के कार्यकारी मुख्य न्यायमूर्ति की नियुक्ति के बारे में उपबंध है ?

(a) अनुच्छेद 124
(b) अनुच्छेद 126
(c) अनुच्छेद 127
(d) अनुच्छेद 128

**21.** लोक सभा के प्रक्रिया और कार्य-संचालन नियम के अनुसार, सभा के प्रत्येक सदस्य द्वारा अपने स्वयं के स्थान पर बैठने से पहले किसके सामने हस्ताक्षर किए जाएँगे ?

(a) अध्यक्ष
(b) उपाध्यक्ष
(c) महासचिव
(d) उपराष्ट्रपति

**22.** लोक सभा के प्रक्रिया और कार्य-संचालन नियम के नियम 8(1) के अधीन, उपाध्यक्ष के निर्वाचन के लिए तिथि कौन नियत करता है ?

(a) अध्यक्ष
(b) महासचिव
(c) विपक्ष का नेता
(d) उपराष्ट्रपति

**23.** लोक सभा में शुक्रवार को ग़ैर-सरकारी सदस्यों की कार्य बैठक के लिए कौन-सा समय नियत किया गया है ?

(a) अंतिम एक घंटा
(b) अंतिम डेढ़ घंटे
(c) अंतिम दो घंटे
(d) अंतिम ढाई घंटे

**24.** लोक सभा के प्रक्रिया और कार्य-संचालन नियम के नियम 32 के अधीन, प्रश्न पूछने और उनके उत्तर देने के लिए, जब तक अध्यक्ष द्वारा अन्यथा निदेश न दिया जाए, सामान्यतः प्रत्येक बैठक का कौन-सा समय उपलब्ध होगा ?

(a) प्रत्येक बैठक के किसी भी समय के दौरान एक घंटा
(b) प्रत्येक बैठक का पहला घंटा
(c) प्रत्येक बैठक का अंतिम घंटा
(d) प्रत्येक बैठक के अंतिम दो घंटे

**25.** सभा के अध्यक्ष द्वारा किसी प्रश्न, या उसके किसी भाग को अस्वीकृत किया जा सकेगा यदि अध्यक्ष की राय में, :

1. यह प्रश्न पूछने के अधिकार का दुरुपयोग है।
2. यह सभा की प्रक्रिया में बाधा डालने या उस पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए किया गया हो।
3. यह इन नियमों के उल्लंघन में हो।
4. यह लोक महत्त्व का विषय हो।

उपर्युक्त में से सही विकल्प चुनिए :

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

**26.** नियम 32 के अंतर्गत प्रश्नों के समय में किसी प्रश्न या किसी प्रश्न के उत्तर के संबंध में चर्चा के बारे में, नियम 50(3) के अनुसार लोक सभा में क्या प्रक्रिया है ?

(a) कोई चर्चा नहीं
(b) आंशिक चर्चा
(c) पूरी चर्चा
(d) अल्प सूचना चर्चा

**27.** अध्यक्ष द्वारा एक सप्ताह में तीन बैठकों में कितना समय, ऐसे पर्याप्त लोक महत्त्व के विषय पर चर्चा के लिए नियत किया जा सकेगा, जो हाल ही में किसी प्रश्न का विषय रह चुका हो और जिसके उत्तर का किसी तथ्य विषय के संबंध में विशुद्धिकरण आवश्यक हो ?

(a) 15 मिनट
(b) आधा घंटा
(c) 45 मिनट
(d) एक घंटा

Prepp
Your Personal Exams Guide

20. Which one of the following Articles of the Constitution of India has the provision regarding appointment of acting Chief Justice of the Supreme Court of India ?
   (a) Article 124
   (b) Article 126
   (c) Article 127
   (d) Article 128

21. According to Rules of Procedure and Conduct of Business in the Lok Sabha, before taking one's seat, every member of the house shall need to sign in the presence of :
   (a) the Speaker
   (b) the Deputy Speaker
   (c) the Secretary-General
   (d) the Vice President

22. Under Rule 8(1) of Rules of Procedure and Conduct of Business in the Lok Sabha, who fixes the date for the election of Deputy Speaker ?
   (a) Speaker
   (b) Secretary-General
   (c) Leader of opposition
   (d) Vice President

23. What is the time allotted for the Private Members' business sitting on Friday in the Lok Sabha ?
   (a) The last one hour
   (b) The last one and half hour
   (c) The last two hours
   (d) The last two and half hours

24. Unless the Speaker otherwise directs, normally which hour of every sitting shall be available for the asking and answering of questions under Rule 32 of Rules of Procedure and Conduct of Business in the Lok Sabha ?
   (a) One hour during any time of every sitting
   (b) The first hour of every sitting
   (c) The last hour of every sitting
   (d) The last two hours of every sitting

25. The Speaker of the House may disallow any question, or a part thereof when in the opinion of the Speaker, :
   1. It is an abuse of the right of questioning.
   2. It is calculated to obstruct or prejudicially affect the procedure of the House.
   3. It is in contravention of these rules.
   4. It is the matter of public importance.

   Choose the correct option/s from the above :
   (a) 1 only
   (b) 1 and 2 only
   (c) 1, 2 and 3 only
   (d) 1, 2, 3 and 4

26. What is the procedure in the Lok Sabha according to Rule 50(3), about discussion during the time for questions under Rule 32 in respect of any question or of any answer given to a question ?
   (a) No discussion
   (b) Partial discussion
   (c) Full discussion
   (d) Short notice discussion

27. How much time may the Speaker allot on three sittings in a week, for arising discussion on a matter of sufficient public importance, which has been the subject of a recent question and the answer to which needs elucidation on a matter of fact ?
   (a) 15 minutes
   (b) Half an hour
   (c) 45 minutes
   (d) One hour

Prepp
Your Personal Exams Guide

**28.** लोक सभा में कितने सदस्यों को किसी तथ्य विषय के अग्रेतर विशुद्धिकरण के प्रयोजन से एक-एक प्रश्न पूछने की अनुज्ञा दी जा सकेगी ?

(a) 4 सदस्यों से अनधिक

(b) 5 सदस्यों से अनधिक

(c) 6 सदस्यों से अनधिक

(d) 7 सदस्यों से अनधिक

**29.** नियम 57 के अधीन कोई सदस्य किसी एक बैठक के लिए कितनी सूचनाएँ (नोटिस) दे सकता है ?

(a) किसी भी सदस्य द्वारा किसी एक बैठक के लिए एक से अधिक ऐसी सूचना नहीं दी जाएगी

(b) किसी भी सदस्य द्वारा किसी एक बैठक के लिए दो से अधिक ऐसी सूचना नहीं दी जाएगी

(c) किसी भी सदस्य द्वारा किसी एक बैठक के लिए तीन से अधिक ऐसी सूचना नहीं दी जाएगी

(d) किसी भी सदस्य द्वारा किसी एक बैठक के लिए चार से अधिक ऐसी सूचना नहीं दी जाएगी

**30.** विधेयक जब पुरःस्थापित किया जाए तब या उसके बाद किसी अवसर पर, प्रभारी सदस्य अपने स्वयं के विधेयक के बारे में प्रस्ताव कर सकेगा/सकेगी । इस संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा प्रस्ताव सही ***नहीं*** है ?

(a) कि उस पर विचार किया जाए

(b) कि उसे सभा की प्रवर समिति को सौंपा जाए

(c) कि उसे राज्य सभा की सहमति से दोनों सदनों की संयुक्त समिति को सौंपा जाए

(d) कि उस पर राय प्राप्त किए बिना, केवल सूचना के प्रयोजन के लिए परिचालित किया जाए

**31.** संविधान में संशोधन की व्यवस्था करने वाले विधेयक का, यथास्थिति, प्रत्येक खंड या अनुसूची, अथवा संशोधित रूप में खंड या अनुसूची सभा के मत के लिए अलग-अलग रखी जाएगी और विधेयक का अंग बन जाएगी यदि वह सभा की समस्त संख्या के बहुमत से तथा :

(a) उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के कम-से-कम एक-तिहाई बहुमत से पारित हो जाए

(b) उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के कम-से-कम दो-तिहाई बहुमत से पारित हो जाए

(c) उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के कम-से-कम पचास प्रतिशत बहुमत से पारित हो जाए

(d) उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के कम-से-कम चालीस प्रतिशत बहुमत से पारित हो जाए

**32.** किसी सदस्य द्वारा सभा में निम्नलिखित में से कौन-सी याचिका प्रस्तुत ***नहीं*** की जाएगी, जब तक कि उस पर भारत के राष्ट्रपति द्वारा सिफारिश न की गई हो ?

(a) वित्तीय विषयों से संबंधित याचिका

(b) ऐसे विधेयक से संबंधित याचिका जो नियम 64 के अधीन प्रकाशित हो चुका हो या जो सभा में पुरःस्थापित हो चुका हो

(c) सभा के समक्ष लंबित कार्य से संबद्ध किसी विषय से संबंधित याचिका

(d) सामान्य लोक-हित के किसी भी विषय से संबंधित याचिका, परन्तु यह नियम 160 (iii) क, ख, ग, घ के अधीन याचिका न हो

Prepp
Your Personal Exams Guide

**28.** How many Members are permitted in the Lok Sabha to ask a question each for the purpose of further elucidating any matter of fact ?

(a) Not more than 4 Members

(b) Not more than 5 Members

(c) Not more than 6 Members

(d) Not more than 7 Members

**29.** How many notices under Rule 57 can a member give for any one sitting ?

(a) No Member shall give more than one such notice for any one sitting

(b) No Member shall give more than two such notices for any one sitting

(c) No Member shall give more than three such notices for any one sitting

(d) No Member shall give more than four such notices for any one sitting

**30.** When a Bill is introduced or on some subsequent occasion, the member in-charge may make motions in regard to one's own Bill. Which one of the following motions is ***not*** correct in this context ?

(a) That it be taken into consideration

(b) That it be referred to a Select Committee of the House

(c) That it be referred to a Joint Committee of the Houses with the concurrence of the Council

(d) That it be circulated for the purpose to just inform without obtaining opinion thereon

**31.** Each clause or Schedule or clause, or Schedule as amended, as the case may be, of a Bill seeking to amend the Constitution shall be put to the vote of the House separately and shall form part of the Bill if it is passed by a majority of the total membership of the House and by a majority of :

(a) Not less than one-third of the members present and voting

(b) Not less than two-thirds of the members present and voting

(c) Not less than fifty percent of the members present and voting

(d) Not less than forty percent of the members present and voting

**32.** Which one of the following petitions can ***not*** be presented by a member to the House unless recommended by the President of India ?

(a) Petition dealing with financial matters

(b) Petition dealing with a Bill which has been published under Rule 64 or which has been introduced in the House

(c) Petition dealing with any matter connected with the business pending before the House

(d) Petition dealing with any matter of general public interest provided that it is not one under Rule 160 (iii) a, b, c, d

Prepp
Your Personal Exams Guide

33. लोक सभा में किसी संकल्प की ग्राह्यता के संबंध में लागू निम्नलिखित शर्तों पर विचार कीजिए :

1. वह स्पष्टतया और सुतथ्यतया व्यक्त किया जाएगा।
2. उसमें सारवान रूप से एक ही निश्चित प्रश्न उठाया जाएगा।
3. उसमें प्रतर्क और अनुमान होंगे।
4. वह किसी ऐसे विषय से संबंधित होगा जो भारत के किसी भाग में अधिकारिता रखने वाले किसी न्यायालय के न्यायनिर्णयन के अंतर्गत हो।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से शर्त सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 1 और 2
(c) केवल 1, 2 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

34. लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के नियम 178 के अनुसार, संकल्प पर भाषण के लिए अध्यक्ष द्वारा अनुज्ञात समय-सीमा क्या है ?

(a) इसकी अवधि पाँच मिनट से अधिक नहीं होगी
(b) इसकी अवधि दस मिनट से अधिक नहीं होगी
(c) इसकी अवधि पंद्रह मिनट से अधिक नहीं होगी
(d) इसकी अवधि बीस मिनट से अधिक नहीं होगी

35. सभा में प्रस्तावों की ग्राह्यता के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त लागू होती है ?

(a) उसमें सारवान रूप से एक ही निश्चित प्रश्न उठाया जाएगा।
(b) उसमें व्यक्तियों की सार्वजनिक हैसियत के अतिरिक्त, उनके आचरण या चरित्र का निर्देश होगा।
(c) वह किसी हाल ही में घटित विषय तक निर्बन्धित नहीं रहेगा।
(d) उसमें विशेषाधिकार का प्रश्न उठाया जाएगा।

36. निम्नलिखित में से कौन यह विनिश्चय करता है कि कोई प्रस्ताव या उसका कोई भाग लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के अंतर्गत ग्राह्य है या नहीं और किसी प्रस्ताव या उसके किसी भाग को अस्वीकृत करता है जो उसकी राय में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के अधिकार का दुरुपयोग हो ?

(a) अध्यक्ष
(b) विपक्ष का नेता
(c) संबंधित मंत्री
(d) महासचिव

37. लोक सभा में, मंत्रि-परिषद में अविश्वास का प्रस्ताव करने संबंधी प्रक्रिया के संदर्भ में, यदि अध्यक्ष की यह राय हो कि प्रस्ताव नियमानुसार है, तो अध्यक्ष द्वारा सभा में प्रस्ताव पढ़कर सुनाया जाएगा और उन सदस्यों से, जो अनुमति दिए जाने के पक्ष में हों, अपने स्थानों में खड़े होने के लिए प्रार्थना की जाएगी। तदनुसार, अध्यक्ष द्वारा यह सूचित किया जाएगा कि अनुमति दी जाती है और प्रस्ताव ऐसे दिन लिया जाएगा जो अनुमति माँगने के दिन से दस दिन से अधिक बाद का न हो, जैसे अध्यक्ष नियुक्त करेगा :

(a) यदि कम-से-कम पचास सदस्य अपने स्थानों में खड़े हो जाएँ
(b) यदि पैंतालीस से कम सदस्य अपने स्थानों में खड़े हो जाएँ
(c) यदि चालीस से कम सदस्य अपने स्थानों में खड़े हो जाएँ
(d) यदि कम-से-कम पैंतीस सदस्य अपने स्थानों में खड़े हो जाएँ

Prepp
Your Personal Exams Guide

**33.** Consider the following conditions applied to admit a resolution in the Lok Sabha :

1. It shall be clearly and precisely expressed.
2. It shall raise substantially one definite issue.
3. It shall contain arguments and inferences.
4. It shall relate to any matter which is under adjudication by a court of law having jurisdiction in any part of India.

Which of the above conditions is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 1, 2 and 3 only
(d) 1, 2, 3 and 4

**34.** According to Rule 178 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, what is the time limit permitted for the speech on resolution by the Speaker ?

(a) Shall not exceed five minutes in duration
(b) Shall not exceed ten minutes in duration
(c) Shall not exceed fifteen minutes in duration
(d) Shall not exceed twenty minutes in duration

**35.** Which one of the following conditions applies for the admissibility of motions in the House ?

(a) It shall raise substantially one definite issue.
(b) It shall refer to the conduct or character of persons except in their public capacity.
(c) It shall not be restricted to a matter of recent occurrence.
(d) It shall raise a question of privilege.

**36.** Who among the following decides whether a motion or a part thereof is or is not admissible under the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha and disallow any motion or a part thereof when he/she is of the opinion that it is an abuse of the right of moving a motion ?

(a) Speaker
(b) Leader of Opposition
(c) Concerned Minister
(d) Secretary-General

**37.** With reference to the procedure regarding motion of no-confidence in Council of Ministers in Lok Sabha, if the Speaker is of the opinion that the motion is in order, the Speaker shall read the motion to the House and shall request those members who are in favour of leave being granted to rise in their places. Accordingly, the Speaker shall declare that leave is granted and that the motion will be taken up on such day, not being more than ten days from the date on which the leave is asked for as the Speaker may appoint :

(a) If not less than fifty members rise in their place
(b) If less than forty-five members rise in their place
(c) If less than forty members rise in their place
(d) If minimum thirty-five members rise in their place

Prepp
Your Personal Exams Guide

38. सभा में बजट प्रस्तुत किए जाने के दिन बजट पर चर्चा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) सभा में बजट प्रस्तुत किए जाने के दिन अध्यक्ष की अनुमति से बजट पर चर्चा

(b) सभा में बजट प्रस्तुत किए जाने के दिन उपाध्यक्ष की अनुमति से बजट पर चर्चा

(c) सभा में बजट प्रस्तुत किए जाने के दिन महासचिव की सहमति प्राप्त करने के उपरांत बजट पर चर्चा

(d) बजट पर उस दिन कोई चर्चा नहीं होगी जिस दिन इसे सभा में प्रस्तुत किया जाए

39. विशेषाधिकार प्रश्न उठाने के अधिकार के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सी शर्त सही ***नहीं*** है ?

(a) एक ही बैठक में एक से अधिक प्रश्न नहीं उठाए जाएँगे।

(b) एक ही बैठक में पाँच से कम प्रश्न नहीं उठाए जाएँगे।

(c) प्रश्न हाल ही में घटित किसी विशिष्ट विषय तक सीमित रहेगा।

(d) विषय में सभा का हस्तक्षेप अपेक्षित है।

40. लोक सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियम के निम्नलिखित में से किस नियम के अंतर्गत, अध्यक्ष को विशेषाधिकार प्रश्न के बारे में निदेश देने की शक्ति है ?

(a) नियम 225

(b) नियम 226

(c) नियम 227

(d) नियम 228

41. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने 1 से 31 जुलाई, 2025 तक 'सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ' (SABB) अभियान चलाया ?

(a) गृह मंत्रालय

(b) ग्रामीण विकास मंत्रालय

(c) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

(d) पंचायती राज मंत्रालय

42. 'पीएम पोषण योजना' (PM POSHAN Scheme) निम्नलिखित में से किस मंत्रालय की पहल है ?

(a) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

(b) शिक्षा मंत्रालय

(c) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(d) वित्त मंत्रालय

43. तीसरे राष्ट्रीय शल्य तंत्र सम्मेलन, शल्यकॉन 2025 की मेजबानी किस संस्थान ने की ?

(a) अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (AIIA), नई दिल्ली

(b) केन्द्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (CCRAS), नई दिल्ली

(c) राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान (NIA), जयपुर

(d) आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (ITRA), जामनगर

44. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा प्रधान मंत्री विरासत का संवर्धन (PM VIKAS) योजना प्रारंभ की गई ?

(a) गृह मंत्रालय

(b) वित्त मंत्रालय

(c) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(d) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

45. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप प्रारंभ किया गया ?

(a) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(b) महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

(c) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(d) ग्रामीण विकास मंत्रालय

Prepp
Your Personal Exams Guide

38. Which one of the following is correct about the discussion on Budget on the day which it is presented to the House ?

(a) Discussion with the permission of Speaker on Budget on the day on which it is presented to the House

(b) Discussion with the permission of Deputy Speaker on Budget on the day on which it is presented to the House

(c) Discussion on Budget after getting consent from the Secretary-General on the day on which it is presented to the House

(d) No discussion of the Budget on the day on which it is presented to the House

39. Which one of the following conditions is ***not*** correct about the right to raise a question of privilege ?

(a) Not more than one question shall be raised at the same sitting.

(b) Not less than five questions shall be raised at the same sitting.

(c) The question shall be restricted to a specific matter of recent occurrence.

(d) The matter requires the intervention of the House.

40. Under which one of the following Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, the Speaker is empowered to give directions about the question of privilege ?

(a) Rule 225

(b) Rule 226

(c) Rule 227

(d) Rule 228

41. Which one of the following Ministries has launched the 'Safai Apnao, Bimaari Bhagao' (SABB) campaign from 1st to 31st July, 2025 ?

(a) Ministry of Home Affairs

(b) Ministry of Rural Development

(c) Ministry of Housing and Urban Affairs

(d) Ministry of Panchayati Raj

42. 'PM POSHAN Scheme' is an initiative of which one of the following Ministries ?

(a) Ministry of Women and Child Development

(b) Ministry of Education

(c) Ministry of Health and Family Welfare

(d) Ministry of Finance

43. Which institution hosted the Shalyacon 2025, the 3rd National Conference on Shalya Tantra ?

(a) All India Institute of Ayurveda (AIIA), New Delhi

(b) Central Council for Research in Ayurvedic Sciences (CCRAS), New Delhi

(c) National Institute of Ayurveda (NIA), Jaipur

(d) Institute of Teaching and Research in Ayurveda (ITRA), Jamnagar

44. Pradhan Mantri Virasat Ka Samvardhan (PM VIKAS) scheme was launched by which one of the following Ministries ?

(a) Ministry of Home Affairs

(b) Ministry of Finance

(c) Ministry of Health and Family Welfare

(d) Ministry of Minority Affairs

45. Poshan Tracker app was launched by which one of the following Ministries ?

(a) Ministry of Health and Family Welfare

(b) Ministry of Women and Child Development

(c) Ministry of Science and Technology

(d) Ministry of Rural Development

Prepp
Your Personal Exams Guide

**46.** निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने अप्रैल 2025 में भारत की प्रथम डिजिटल खतरा रिपोर्ट (Digital Threat Report) 2024 जारी की ?

(a) वित्त मंत्रालय

(b) रक्षा मंत्रालय

(c) इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(d) गृह मंत्रालय

**47.** निम्नलिखित में से कौन-सा नगर महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण पर स्त्री शिखर सम्मेलन (STREE Summit) 2025 का मेजबान है ?

(a) हैदराबाद

(b) भोपाल

(c) चेन्नई

(d) बेंगलुरु

**48.** एक केंद्रीकृत डिजिटल डेटाबेस, राष्ट्रीय चिकित्सा रजिस्टर (NMR) के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा मंत्रालय नोडल मंत्रालय है ?

(a) शिक्षा मंत्रालय

(b) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(c) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(d) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य कृषि अवसंरचना निधि (AIF) योजना को कार्यान्वित करने में शीर्ष-प्रदर्शन करने वाले राज्य के रूप में उभर कर आया है ?

(a) हरियाणा

(b) गुजरात

(c) पंजाब

(d) झारखंड

**50.** प्रधान मंत्री-युवा योजना (PM-YUVA Scheme) के तीसरे संस्करण का प्रारंभ निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने किया ?

(a) संस्कृति मंत्रालय

(b) युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(c) शिक्षा मंत्रालय

(d) गृह मंत्रालय

**51.** निम्नलिखित में से कौन-सा मंत्रालय पोषक तत्त्व आधारित सब्सिडी (NBS) योजना से जुड़ा है ?

(a) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(b) रसायन और उर्वरक मंत्रालय

(c) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(d) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

**52.** 'देश का प्रकृति परीक्षण अभियान' निम्नलिखित में से किस मंत्रालय की पहल है ?

(a) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(b) आयुष मंत्रालय

(c) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

(d) शिक्षा मंत्रालय

**53.** विश्व दृश्य श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (WAVES) 2025 निम्नलिखित में से किस मंत्रालय की पहल है ?

(a) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

(b) वित्त मंत्रालय

(c) सूचना और प्रसारण मंत्रालय

(d) संस्कृति मंत्रालय

Prepp
Your Personal Exams Guide

46. Which one of the following Ministries has launched India's first Digital Threat Report 2024 in April 2025 ?

(a) Ministry of Finance

(b) Ministry of Defence

(c) Ministry of Electronics and Information Technology

(d) Ministry of Home Affairs

47. Which one of the following cities is the host of STREE Summit 2025 on women's safety and empowerment ?

(a) Hyderabad

(b) Bhopal

(c) Chennai

(d) Bengaluru

48. Which one of the following Ministries is the nodal Ministry for the National Medical Register (NMR), a centralized digital database ?

(a) Ministry of Education

(b) Ministry of Science and Technology

(c) Ministry of Health and Family Welfare

(d) Ministry of Social Justice and Empowerment

49. Which one of the following states has emerged as the top-performing state in implementing the Agriculture Infrastructure Fund (AIF) scheme ?

(a) Haryana

(b) Gujarat

(c) Punjab

(d) Jharkhand

50. Which one of the following Ministries has launched the third edition of the PM-YUVA scheme ?

(a) Ministry of Culture

(b) Ministry of Youth Affairs and Sports

(c) Ministry of Education

(d) Ministry of Home Affairs

51. Which one of the following Ministries is associated with the Nutrient Based Subsidy (NBS) scheme ?

(a) Ministry of Science and Technology

(b) Ministry of Chemical and Fertilizers

(c) Ministry of Health and Family Welfare

(d) Ministry of Agriculture and Farmers Welfare

52. 'Desh Ka Prakriti Parikshan Abhiyaan' is an initiative of which one of the following Ministries ?

(a) Ministry of Science and Technology

(b) Ministry of AYUSH

(c) Ministry of Health and Family Welfare

(d) Ministry of Education

53. World Audio Visual and Entertainment Summit (WAVES) 2025 is an initiative of which one of the following Ministries ?

(a) Ministry of Commerce and Industry

(b) Ministry of Finance

(c) Ministry of Information and Broadcasting

(d) Ministry of Culture

Prepp
Your Personal Exams Guide

54. राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (NEERI) निम्नलिखित में से किस मंत्रालय के अधीन कार्य कर रहा है ?

(a) जल शक्ति मंत्रालय

(b) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

(c) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

(d) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

55. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने स्वामित्व योजना (SVAMITVA Scheme) प्रारंभ की ?

(a) कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

(b) पंचायती राज मंत्रालय

(c) ग्रामीण विकास मंत्रालय

(d) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

56. भारत के प्रथम राष्ट्रीय सहकारी विश्वविद्यालय की आधारशिला कहाँ रखी गई ?

(a) पश्चिम बंगाल

(b) तमिलनाडु

(c) राजस्थान

(d) गुजरात

57. भारतीय नौसेना द्वारा जुलाई 2025 में आईएनएस निस्तार (INS Nistar) का जलावतरण कहाँ किया गया ?

(a) मुंबई

(b) चेन्नई

(c) कोलकाता

(d) विशाखापत्तनम

58. केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) निम्नलिखित में से किस मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य कर रहा है ?

(a) उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

(b) विधि और न्याय मंत्रालय

(c) वित्त मंत्रालय

(d) विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

59. निम्नलिखित में से किस संस्था ने हाल ही में 'भारत की डेटा अनिवार्यता (India's Data Imperative)' रिपोर्ट जारी की है ?

(a) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)

(b) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)

(c) नीति आयोग (NITI Aayog)

(d) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

60. निम्नलिखित में से किन संगठनों ने इंस्पायर-मानक (INSPIRE-MANAK) योजना कार्यान्वित की है ?

(a) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

(b) विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग तथा राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत (NIF India)

(c) नेशनल साइंस फाउंडेशन (NSF) तथा आर्थिक कार्य विभाग

(d) आर्थिक कार्य विभाग तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)

Prepp
Your Personal Exams Guide

**54.** National Environmental Engineering Research Institute (NEERI) operates under which one of the following Ministries ?

(a) Ministry of Jal Shakti

(b) Ministry of Environment, Forest and Climate Change

(c) Ministry of Science and Technology

(d) Ministry of Earth Sciences

**55.** SVAMITVA Scheme was launched by which one of the following Ministries ?

(a) Ministry of Agriculture and Farmers Welfare

(b) Ministry of Panchayati Raj

(c) Ministry of Rural Development

(d) Ministry of Science and Technology

**56.** Where was the foundation stone for India's first National Cooperative University laid ?

(a) West Bengal

(b) Tamil Nadu

(c) Rajasthan

(d) Gujarat

**57.** Where was INS Nistar commissioned by the Indian Navy in July 2025 ?

(a) Mumbai

(b) Chennai

(c) Kolkata

(d) Visakhapatnam

**58.** Central Consumer Protection Authority (CCPA) functions under administrative control of which one of the following Ministries ?

(a) Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution

(b) Ministry of Law and Justice

(c) Ministry of Finance

(d) Ministry of Science and Technology

**59.** Which one of the following institutions has recently released the 'India's Data Imperative' report ?

(a) Securities and Exchange Board of India (SEBI)

(b) Reserve Bank of India (RBI)

(c) NITI Aayog

(d) Ministry of Commerce and Industry

**60.** INSPIRE-MANAK scheme is implemented by which one of the following organizations ?

(a) Department of Science & Technology and Indian Council of Medical Research (ICMR)

(b) Department of Science & Technology and National Innovation Foundation (NIF) India

(c) National Science Foundation (NSF) and Department of Economic Affairs

(d) Department of Economic Affairs and Indian Space Research Organisation (ISRO)

Prepp
Your Personal Exams Guide

61. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन 'सूचना के अधिकार' में निम्नलिखित अधिकार सम्मिलित हैं :

1. दस्तावेज़ों या अभिलेखों के टिप्पण, उद्धरण अथवा प्रमाणित प्रतिलिपि लेना।
2. कृति, दस्तावेज़ों, अभिलेखों का निरीक्षण।
3. सामग्री के प्रमाणित नमूने लेना।
4. किसी भी इलेक्ट्रॉनिक रीति में सूचना अभिप्राप्त करना।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1, 3 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

62. सूचना अभिप्राप्त करने के आवेदन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. आवेदक को अंग्रेजी अथवा हिंदी अथवा उस क्षेत्र की राजभाषा में लिखित में या इलेक्ट्रॉनिक युक्ति के माध्यम से अनुरोध करना होगा।
2. जहाँ ऐसा अनुरोध लिखित में नहीं किया जा सकता है, वहाँ, यथास्थिति, केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी या राज्य लोक सूचना अधिकारी अनुरोध करने वाले व्यक्ति को सभी युक्तियुक्त सहायता मौखिक रूप से देगा, जिससे कि उसे लेखबद्ध किया जा सके।
3. जहाँ कोई आवेदन किसी लोक प्राधिकारी को किसी ऐसी सूचना के लिए अनुरोध करते हुए किया जाता है जो किसी अन्य लोक प्राधिकारी द्वारा धारित है; वहाँ, वह लोक प्राधिकारी, जिसको ऐसा आवेदन किया जाता है, ऐसे आवेदन या उसके ऐसे भाग को, जो समुचित हो, उस अन्य लोक प्राधिकारी को अंतरित करेगा और ऐसे अंतरण के बारे में आवेदक को तुरंत सूचना देगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

63. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की निम्नलिखित में से कौन-सी धारा तृतीय पक्षकार से संबंधित है ?

(a) धारा 8
(b) धारा 10
(c) धारा 11
(d) धारा 12

64. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अधीन सूचना अभिप्राप्त करने संबंधी अनुरोध का निपटारा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अनुरोध की प्राप्ति के 15 दिन के भीतर माँगी गई सूचना उपलब्ध कराई जाएगी।
2. जहाँ माँगी गई सूचना का संबंध व्यक्ति के जीवन अथवा स्वत्रंतता से है, वहाँ अनुरोध प्राप्त होने के अड़तालीस घंटे के भीतर सूचना उपलब्ध कराई जाएगी।
3. माँगी गई सूचना, ऐसी फीस के संदाय पर, जो विहित की जाए, उपलब्ध कराई जाएगी या विनिर्दिष्ट कारणों से अनुरोध को अस्वीकार किया जा सकेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 1 और 2

65. यदि सूचना अभिप्राप्त करने संबंधी अनुरोध अस्वीकृत किया जाता है, तो लोक सूचना अधिकारी अनुरोध करने वाले व्यक्ति को संसूचित करेगा :

1. ऐसी अस्वीकृति के लिए कारण
2. वह अवधि, जिसके भीतर ऐसी अस्वीकृति के विरुद्ध कोई अपील की जा सकेगी
3. अपील प्राधिकारी की विशिष्टियाँ
4. ऐसी किसी संसूचना की आवश्यकता नहीं है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) केवल 4

Prepp
Your Personal Exams Guide

61. Consider the following statements regarding RTI Act, 2005 :

'Right to Information' under the RTI Act, 2005 includes the right to :

1. Taking notes, extracts, or certified copies of documents or records.
2. Inspection of work, document, records.
3. Taking certified samples of material.
4. Obtaining information in any electronic mode.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1, 2 and 3 only
(b) 2, 3 and 4 only
(c) 1, 3 and 4 only
(d) 1, 2, 3 and 4

62. Consider the following statements regarding an application for obtaining information :

1. An applicant has to make a request in writing or through electronic means in English or Hindi or in the official language of the area.
2. Where such request cannot be made in writing, the Central Public Information Officer or State Public Information Officer, as the case may be, shall render all reasonable assistance to the person making the request orally to reduce the same in writing.
3. Where an application is made to a public authority requesting for an information which is held by another public authority, the public authority to which such application is made, shall transfer the application or such part of it as may be appropriate to that other public authority and inform the applicant immediately about such transfer.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

63. Which one the following sections of the RTI Act, 2005 deals with third party information ?

(a) Section 8
(b) Section 10
(c) Section 11
(d) Section 12

64. Consider the following statements regarding disposal of request for obtaining information under the RTI Act, 2005 :

1. The information sought shall be provided within fifteen days of the receipt of the request.
2. The information sought that concerns the life or liberty of a person shall be provided within forty-eight hours of the receipt of the request.
3. The information sought shall be provided on payment of such fee as may be prescribed or reject the request for reasons specified.

Which of the above statements is/are ***not*** correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 3 only
(d) 1 and 2

65. If a request for obtaining information gets rejected, the Public Information Officer shall communicate to the person making the request :

1. The reason for such rejection
2. The period within which an appeal against such rejection may be preferred
3. The particulars of the appellate authority
4. No such communication is required

Which of the above statements is ***not*** correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 3 only
(d) 4 only

Prepp
Your Personal Exams Guide

66. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की निम्नलिखित में से किस धारा के अंतर्गत, यथास्थिति, कोई केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी या कोई राज्य लोक सूचना अधिकारी सूचना के किसी अनुरोध को वहाँ अस्वीकार कर सकेगा, जहाँ पहुँच उपलब्ध कराने के लिए ऐसा अनुरोध राज्य से भिन्न किसी व्यक्ति के अस्तित्वमूलक प्रतिलिप्याधिकार का उल्लंघन अंतर्वलित करेगा ?

(a) धारा 8

(b) धारा 9

(c) धारा 10

(d) धारा 11

67. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की निम्नलिखित में से किस धारा में मुख्य सूचना आयुक्त अथवा सूचना आयुक्त को हटाए जाने संबंधी उपबंध हैं ?

(a) धारा 13

(b) धारा 14

(c) धारा 15

(d) धारा 16

68. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की निम्नलिखित में से किस धारा में राज्य सूचना आयोग के गठन का प्रावधान है ?

(a) धारा 14

(b) धारा 15

(c) धारा 16

(d) धारा 17

69. राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. राज्य मुख्य सूचना आयुक्त 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक पद धारण करेगा।

2. राज्य मुख्य सूचना आयुक्त राज्यपाल को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा अपना पद त्याग कर सकेगा।

3. राज्य मुख्य सूचना आयुक्त पुनर्नियुक्ति के लिए पात्र होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

70. केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के विनिश्चयों के लिए अपील प्राधिकारी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. कोई व्यक्ति, जिसे विनिर्दिष्ट समय के भीतर कोई विनिश्चय अभिप्राप्त नहीं हुआ है, वह ऐसे किसी विनिश्चय की अभिप्राप्ति से तीस दिन के भीतर अपील कर सकेगा।

2. ऐसे विनिश्चय के विरुद्ध दूसरी अपील विनिश्चय अभिप्राप्त होने की तारीख से नब्बे दिन के भीतर की जाएगी।

3. केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध कोई अपील केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी की पंक्ति से ज्येष्ठ पंक्ति के अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 2 और 3

(c) केवल 1 और 3

(d) 1, 2 और 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

**66.** Under which one of the following Sections of the RTI Act, 2005, a Central Public Information Officer or a State Public Information Officer, as the case may be, may reject a request for information where such a request for providing access would involve an infringement of copyright subsisting in a person other than the State ?

(a) Section 8

(b) Section 9

(c) Section 10

(d) Section 11

**67.** Which one of the following Sections of the RTI Act, 2005 has provisions regarding the removal of Chief Information Commissioner or Information Commissioner ?

(a) Section 13

(b) Section 14

(c) Section 15

(d) Section 16

**68.** Which one of the following Sections of the RTI Act, 2005 contains provisions regarding the constitution of State Information Commission ?

(a) Section 14

(b) Section 15

(c) Section 16

(d) Section 17

**69.** Consider the following statements regarding the State Chief Information Commissioner :

1. The State Chief Information Commissioner shall hold office till he attains the age of 65 years.
2. The State Chief Information Commissioner may by writing under his hand addressed to the Governor, resign from his office.
3. The State Chief Information Commissioner shall be eligible for reappointment.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

**70.** Consider the following statements regarding the appellate authority for the decisions of Central Public Information Officer :

1. Any person, who does not receive decision within time specified, may appeal within thirty days from the receipt of such decision.
2. A second appeal against the decision shall lie within ninety days from the date of receipt of the decision.
3. An appeal against the decision of the Central Public Information Officer shall be preferred to an officer who is senior in rank to the Central Public Information Officer.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only

(b) 2 and 3 only

(c) 1 and 3 only

(d) 1, 2 and 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

71. केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के विनिश्चयों के विरुद्ध अपील के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के विनिश्चयों के विरुद्ध अपील उच्चतम न्यायालय में की जाएगी।
2. केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध पहली अपील, आदेश की तारीख से तीस दिन के भीतर की जाएगी।
3. केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी के विनिश्चय के विरुद्ध दूसरी अपील, ऐसा विनिश्चय अभिप्राप्त होने की तारीख से नब्बे दिन के भीतर की जाएगी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही ***नहीं*** है ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 2 और 3

72. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की निम्नलिखित में से किस धारा में केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी या राज्य लोक सूचना अधिकारी के विनिश्चयों के विरुद्ध अपील करने के बारे में प्रावधान हैं ?

(a) धारा 18
(b) धारा 19
(c) धारा 20
(d) धारा 21

73. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की निम्नलिखित में से किस धारा में माँगी गई सूचना प्रदान करने में असफलता के कारण लोक सूचना अधिकारी पर शास्ति अधिरोपित करने के बारे में प्रावधान किए गए हैं ?

(a) धारा 20
(b) धारा 19
(c) धारा 21
(d) धारा 18

74. केंद्रीय सूचना आयोग के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केंद्रीय सूचना आयोग लोक प्राधिकारी से किसी सूचना को प्रकाशित करने की अपेक्षा कर सकता है।
2. केंद्रीय सूचना आयोग लोक प्राधिकारी को शिकायतकर्ता को प्रतिपूरित करने की अपेक्षा कर सकता है।
3. केंद्रीय सूचना आयोग आवेदन को नामंजूर कर सकता है।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

75. केंद्रीय सूचना आयोग की शक्तियों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. केंद्रीय सूचना आयोग शिकायतकर्ता और संबंधित लोक प्राधिकारी को अपने विनिश्चय की सूचना देगा।
2. केंद्रीय सूचना आयोग लोक प्राधिकारी को लोक प्राधिकरण के नियमों और विनियमों के अंतर्गत दी गई अवधि से अधिक अवधि तक सूचना को परिरक्षित रखने का निर्देश दे सकता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

71. Consider the following statements regarding an appeal against the decisions of the Central Public Information Officer :

1. An appeal against the decisions of the Central Public Information Officer is preferred in the Supreme Court.
2. The first appeal against the decision of the Central Public Information Officer shall be made within thirty days from the date of the order.
3. The second appeal against the decision of the Central Public Information Officer shall lie within ninety days from the receipt of the decision.

Which of the above statements is/are ***not*** correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 3 only
(d) 2 and 3

72. Which one of the following Sections of the RTI Act, 2005 has the provisions regarding appeal against the decisions of the Central Public Information Officer or the State Public Information Officer ?

(a) Section 18
(b) Section 19
(c) Section 20
(d) Section 21

73. Which one of the following Sections of the RTI Act, 2005 deals with the provisions regarding penalties to the Central Public Information Officer on account of failing to provide information sought ?

(a) Section 20
(b) Section 19
(c) Section 21
(d) Section 18

74. Consider the following statements regarding the Central Information Commission :

1. The Central Information Commission can require the public authority to publish certain information.
2. The Central Information Commission can require the public authority to compensate the complainant.
3. The Central Information Commission can reject the application.

Which of the above statements are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

75. Consider the following statements regarding powers of the Central Information Commission :

1. The Central Information Commission shall give notice of its decisions to the complainant and the public authority.
2. The Central Information Commission can direct the public authority to preserve the information for larger period than period provided under the rules and regulations of the public authority.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

76. केंद्रीय सूचना आयोग द्वारा केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी (CPIO) पर शास्ति अधिरोपित करने के लिए जिम्मेदार निम्नलिखित कृत्यों पर विचार कीजिए :

1. यदि केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी विनिर्दिष्ट समय के भीतर सूचना प्रदान करने में असफल रहता है।
2. यदि केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी सूचना के लिए आवेदन को उपयुक्त कारण से लेने से इंकार करता है।
3. यदि केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी सूचना के अनुरोध को असद्भावपूर्वक इंकार करता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कृत्य सही ***नहीं*** है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 3
(d) 2 और 3

77. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सूचना का अधिकार अधिनियम दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट आसूचना एवं सुरक्षा संगठनों सहित सभी संगठनों पर लागू होता है।
2. कोई वाद, अभियोजन या अन्य विधिक कार्यवाही किसी भी ऐसी बात के बारे में, जो इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए किसी नियम के अधीन सद्भावपूर्वक की गई है या किए जाने के लिए आशयित है, किसी व्यक्ति के विरुद्ध न होगी।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

78. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के आवेदन के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 राज्य सरकारों द्वारा स्थापित आसूचना एवं सुरक्षा संगठनों पर लागू होगा।
2. भ्रष्टाचार और मानव अधिकारों के उल्लंघनों के आरोपों से सबंधित सूचना को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों से अपवर्जित नहीं किया जाएगा।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं ?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1, न ही 2

79. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट आसूचना एवं सुरक्षा संगठनों के अंतर्गत सम्मिलित बलों से संबंधित निम्नलिखित संगठनों पर विचार कीजिए :

1. सीमा सुरक्षा बल
2. केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल
3. असम राइफल्स

उपर्युक्त में से कौन-से संगठन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

80. सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के निम्नलिखित उपबंधों में से कौन-सा, केंद्रीय सरकार द्वारा स्थापित आसूचना एवं सुरक्षा संगठनों से संबंधित है ?

(a) धारा 23 अनुसूची 2
(b) धारा 24 अनुसूची 2
(c) धारा 25 अनुसूची 2
(d) धारा 26 अनुसूची 2

Prepp
Your Personal Exams Guide

76. Consider the following acts causing the imposition of penalty by the Central Information Commission on the Central Public Information Officer (CPIO) :

1. If the CPIO fails to furnish information within specified time.
2. If the CPIO refuses with a reasonable cause to receive an application of information.
3. If the CPIO malafidely denies the request for information.

Which of the above acts is/are ***not*** correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) 3 only
(d) 2 and 3

77. Consider the following statements regarding the RTI Act, 2005 :

1. The RTI Act is applicable to all organizations including the intelligence and security organizations specified in the Second Schedule.
2. No suit, prosecution or other legal proceedings shall lie against any person for anything which is in good faith done or intended to be done under this Act or any rule made thereunder.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

78. Consider the following statements regarding the application of the RTI Act, 2005 :

1. The RTI Act, 2005 shall apply to the intelligence and security organizations established by the State Governments.
2. The information pertaining to the allegations of corruption and human rights violations shall not be excluded under the provisions of the RTI Act, 2005.

Which of the above statements is/are correct ?

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

79. Consider the following organizations regarding Forces falling under the intelligence and security organizations specified in the Second Schedule of the RTI Act, 2005 :

1. Border Security Force
2. Central Reserve Police Force
3. Assam Rifles

Which of the above organizations are correct ?

(a) 1 and 2 only
(b) 2 and 3 only
(c) 1 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

80. Which one of the following provisions of the RTI Act, 2005 deals with the intelligence and security organizations established by the Central Government ?

(a) Section 23 Schedule II
(b) Section 24 Schedule II
(c) Section 25 Schedule II
(d) Section 26 Schedule II

Prepp
Your Personal Exams Guide

81. ग्रैंड इथियोपियन रेनेसाँ डैम (GERD) किस नदी पर बना है ?
(a) नीली नील नदी (Blue Nile River)
(b) यांग्त्ज़ी नदी (Yangtze River)
(c) कांगो नदी (Congo River)
(d) मेकांग नदी (Mekong River)

82. विश्व ऊर्जा रिपोर्ट 2025 की सांख्यिकीय समीक्षा के अनुसार, यथास्थिति वर्ष 2024 में वैश्विक जैव-ईंधन उपभोग (खपत) में भारत का स्थान क्या है ?
(a) पहला
(b) दूसरा
(c) तीसरा
(d) चौथा

83. निम्नलिखित में से किस संगठन ने सतत विकास लक्ष्य (SDG) रिपोर्ट 2025 जारी की है ?
(a) संयुक्त राष्ट्र (UN)
(b) विश्व बैंक
(c) यूरोपीय संघ (EU)
(d) विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)

84. अप्रैल 2025 में निम्नलिखित में से किस देश को वर्ष 2025 – 2027 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र आईएसएआर (ISAR) के लिए नियुक्त किया गया है ?
(a) नेपाल
(b) भूटान
(c) म्याँमार
(d) भारत

85. निम्नलिखित में से कौन-सी कंपनी भारत के वर्ष 2025 की प्रथम यूनिकॉर्न (unicorn) बनी है ?
(a) Juspay
(b) Razorpay
(c) Paypal
(d) BharatPe

86. निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (Global Financial Stability Report) प्रकाशित करता है ?
(a) एशियाई विकास बैंक (ADB)
(b) विश्व बैंक
(c) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)
(d) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)

87. निम्नलिखित में से किस संस्था द्वारा वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2025 (Global Terrorism Index 2025) रिपोर्ट प्रकाशित की गई है ?
(a) वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF)
(b) इंस्टिट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP)
(c) यूनाइटेड नेशन्स ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम (UNODC)
(d) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

88. निम्नलिखित में से किस संस्था ने "भारत में आवास के रुझान और प्रगति रिपोर्ट, 2024" जारी की है ?
(a) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)
(b) नीति (NITI) आयोग
(c) आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
(d) राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB)

89. निम्नलिखित में से किस संस्था द्वारा राष्ट्रीय अवसंरचना वित्तपोषण और विकास बैंक (NaBFID) को विनियमित और पर्यवेक्षित किया जाता है ?
(a) राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB)
(b) भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)
(c) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD)
(d) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI)

90. स्वायत्त (SWAYATT) पहल का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?
(a) ई-कॉमर्स (ई-वाणिज्य) में विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करना
(b) सार्वजनिक खरीद (Public Procurement) में महिला उद्यमियों स्टार्टअप और युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना
(c) बड़े निगमों को वित्तीय सहायता प्रदान करना
(d) वैश्विक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म (ई-वाणिज्य मंच) स्थापित करना

Prepp
Your Personal Exams Guide

81. The Grand Ethiopian Renaissance Dam (GERD) is built on which river ?
(a) Blue Nile River
(b) Yangtze River
(c) Congo River
(d) Mekong River

82. What is India's rank in global biofuel consumption as of 2024, as per the Statistical Review of World Energy report 2025 ?
(a) First
(b) Second
(c) Third
(d) Fourth

83. Which one of the following organizations has released the Sustainable Development Goals (SDG) Report 2025 ?
(a) United Nations (UN)
(b) World Bank
(c) European Union (EU)
(d) World Health Organization (WHO)

84. Which one of the following countries has been appointed to the United Nations ISAR for the period 2025 – 2027 in April 2025 ?
(a) Nepal
(b) Bhutan
(c) Myanmar
(d) India

85. Which one of the following companies has become India's First Unicorn of 2025 ?
(a) Juspay
(b) Razorpay
(c) Paypal
(d) BharatPe

86. Which one of the following organizations releases the Global Financial Stability Report ?
(a) Asian Development Bank (ADB)
(b) World Bank
(c) International Monetary Fund (IMF)
(d) United Nations Development Programme (UNDP)

87. Global Terrorism Index (GTI) 2025 report has been published by which one of the following institutions ?
(a) World Economic Forum (WEF)
(b) Institute for Economics and Peace (IEP)
(c) United Nations Office on Drugs and Crime (UNODC)
(d) International Monetary Fund (IMF)

88. Which one of the following institutions released the "Report on Trends and Progress of Housing in India, 2024" ?
(a) Reserve Bank of India (RBI)
(b) NITI Aayog
(c) Ministry of Housing and Urban Affairs
(d) National Housing Bank (NHB)

89. National Bank for Financing Infrastructure and Development (NaBFID) is regulated and supervised by which one of the following institutions ?
(a) National Housing Bank (NHB)
(b) Reserve Bank of India (RBI)
(c) National Bank for Agriculture and Rural Development (NABARD)
(d) Securities and Exchange Board of India (SEBI)

90. What is the primary objective of the SWAYATT initiative ?
(a) Encouraging foreign investments in e-commerce
(b) Promoting participation of women entrepreneurs, startups, and youth in public procurement
(c) Providing financial assistance to large corporations
(d) Establishing a global e-commerce platform

Prepp
Your Personal Exams Guide

**91.** पालना (Palna) योजना निम्नलिखित में से किस सतत विकास लक्ष्य (SDG) के लिए सहायक है ?

(a) एस डी जी (SDG) 3 – अच्छा स्वास्थ्य और बेहतर जीवन

(b) एस डी जी (SDG) 5 – लैंगिक समानता

(c) एस डी जी (SDG) 4 – गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

(d) एस डी जी (SDG) 8 – उपयुक्त कार्य और आर्थिक विकास

**92.** बैंकिंग के संदर्भ में, परिशोधन (Amortization) का निकटतम अर्थ निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) मूलधन और ब्याज की चुकौती

(b) केवल मूलधन की चुकौती

(c) ऋण की एकमुश्त चुकौती

(d) केवल ब्याज की चुकौती

**93.** शहरी क्षेत्रों में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की पहचान के लिए विस्तृत कार्यप्रणाली की सिफारिश करने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सी समिति गठित की गई थी ?

(a) हाशिम समिति

(b) नरेश चंद्र समिति

(c) सच्चर समिति

(d) भूरे लाल समिति

**94.** निम्नलिखित में से किसके द्वारा भारत में प्रत्येक वर्ष आर्थिक समीक्षा (Economic Survey) आधिकारिक तौर पर प्रकाशित की जाती है ?

(a) भारतीय रिज़र्व बैंक

(b) नीति (NITI) आयोग

(c) वित्त मंत्रालय, भारत सरकार

(d) भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार

**95.** निम्नलिखित में से ग़ैर-संविदागत आय (non contractual income) कौन-सी है ?

(a) ब्याज

(b) किराया

(c) लाभ

(d) मजदूरी (Wage)

**96.** निम्नलिखित में से कौन-सा सूक्ष्म-आर्थिक चर (micro-economic variable) का उदाहरण है ?

(a) राष्ट्रीय आय

(b) समग्र आपूर्ति (Aggregate Supply)

(c) रोज़गार

(d) उपभोक्ता-साम्य (Consumer's Equilibrium)

**97.** किसी व्यक्ति के वास्तविक जीवन स्तर का निर्धारण किससे किया जा सकता है ?

(a) सकल राष्ट्रीय आय

(b) निवल (नेट) राष्ट्रीय आय

(c) प्रति व्यक्ति आय

(d) प्रयोज्य वैयक्तिक आय (Disposable Personal Income)

**98.** किसी अर्थव्यवस्था में 'निवल निवेश (Net Investment)' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?

(a) निवल निवेश = सकल निवेश – मूल्यह्रास

(b) निवल निवेश = सकल निवेश – मुद्रास्फीति

(c) निवल निवेश = सकल निवेश + मुद्रास्फीति – मूल्यह्रास

(d) निवल निवेश = सकल निवेश + मूल्यह्रास

**99.** IT SEZ स्कीम के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-से लाभ दिए जाते हैं ?

1. निर्यात से होने वाली आय पर 100% आय कर छूट
2. शुल्क-मुक्त आयात (Duty-free import)
3. त्वरित मूल्यह्रास (Accelerated depreciation)

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) 1, 2 और 3

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 1 और 2

(d) केवल 2 और 3

**100.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

आयात कोटा अधिरोपित करने से मदद मिलती है :

1. प्रतिकूल भुगतान संतुलन (unfavourable balance of payments) को सुधारने में।
2. व्यापार शेष (balance of trade) को सुधारने में।
3. घरेलू उद्योगों को संरक्षित करने में।

उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं ?

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

91. The Palna Scheme supports which one of the following Sustainable Development Goals (SDG) ?
(a) SDG 3 – Good Health and Well-being
(b) SDG 5 – Gender Equality
(c) SDG 4 – Quality Education
(d) SDG 8 – Decent Work and Economic Growth

92. In context with Banking, which one of the following is the nearest meaning of Amortization ?
(a) Repayment of principal and interest
(b) Repayment of principal only
(c) Repayment of loan in one lump sum
(d) Repayment of interest only

93. Which one of the following Committees was constituted to recommend the detailed methodology for identification of families living Below Poverty Line in urban areas ?
(a) Hashim Committee
(b) Naresh Chandra Committee
(c) Sachar Committee
(d) Bhure Lal Committee

94. Economic Survey in India is published officially, every year by which one of the following ?
(a) Reserve Bank of India
(b) NITI Aayog
(c) Ministry of Finance, Government of India
(d) Ministry of Heavy Industries, Government of India

95. Which one of the following is non-contractual income ?
(a) Interest
(b) Rent
(c) Profit
(d) Wage

96. Which one of the following is an example of a micro-economic variable ?
(a) National Income
(b) Aggregate Supply
(c) Employment
(d) Consumer's Equilibrium

97. An individual's actual standard of living can be assessed by :
(a) Gross National Income
(b) Net National Income
(c) Per Capita Income
(d) Disposable Personal Income

98. Which one of the following is correct about 'Net Investment' in an economy ?
(a) Net Investment = Gross investment – Depreciation
(b) Net Investment = Gross investment – Inflation
(c) Net Investment = Gross investment + Inflation – Depreciation
(d) Net Investment = Gross investment + Depreciation

99. Which of the following benefits are provided under the IT SEZ scheme ?
1. 100% income tax exemption on export income
2. Duty-free import
3. Accelerated depreciation

Select the correct answer using the code given below :
(a) 1, 2 and 3
(b) 1 and 3 only
(c) 1 and 2 only
(d) 2 and 3 only

100. Consider the following statements :
Imposing an Import quota helps in :
1. correcting unfavourable balance of payments.
2. improving balance of trade.
3. protecting domestic industries.

Which of the above statements are correct ?
(a) 1 and 2 only
(b) 1 and 3 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

Prepp
Your Personal Exams Guide

**101.** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2025 का विषय (theme) क्या है ?

(a) सेलिब्रेटिंग रिज़िलिअन्स एंड हीलिंग हैंड्स (Celebrating Resilience and Healing Hands)
(b) सेव दि सेवियर्स (Save the Saviours)
(c) बिहाइंड द मस्क : हू हील्स द हीलर्स (Behind the Mask : Who Heals the Healers) ?
(d) ज़ीरो टॉलरेंस टु वाइओलेंस अगेंस्ट डॉक्टर्स (Zero tolerance to violence against doctors)

**102.** नमदाफा राष्ट्रीय उद्यान निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?

(a) सिक्किम
(b) असम
(c) मणिपुर
(d) अरुणाचल प्रदेश

**103.** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने निम्नलिखित में से किस रेडियो सेवा का प्रयोग करके अभी हाल ही में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र से विद्यार्थियों से संवाद किया ?

(a) ऐमॅट्युर (Amateur) रेडियो/(Ham Radio)
(b) सिटीजंस बैंड रेडियो (CB Radio)
(c) माइक्रो मोबाइल रेडियो
(d) वॉकी-टॉकी

**104.** क्षुद्र ग्रह संघात (asteroid impact) की पूर्व चेतावनी प्रणाली ATLAS को निम्नलिखित में से किस विश्वविद्यालय द्वारा विकसित किया गया ?

(a) कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय
(b) हवाई विश्वविद्यालय
(c) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय
(d) टोक्यो विश्वविद्यालय

**105.** भारत में "परिवार अभिग्रहण कार्यक्रम (Family Adoption Programme)" पहल के अंतर्गत यक्ष्मा (TB) रोगियों की जाँच को शामिल करने वाला सबसे पहला राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) पुडुचेरी
(b) बिहार
(c) जम्मू और कश्मीर
(d) उत्तराखंड

**106.** केरल में पाए गए "निपाह विषाणु (वायरस)" की नैसर्गिक परपोषी (natural host) प्रजाति कौन-सी है ?

(a) चींटी
(b) चमगादड़ (Fruit bat)
(c) मच्छर
(d) मक्खी (Housefly)

**107.** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस 2025 का विषय (theme) क्या है ?

(a) सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है
(b) सतत विकास (Sustainable Development) के लिए सहकारिता
(c) सहकारिता मिलकर बेहतर पुनर्निर्माण करती है
(d) जलवायु कार्रवाई के लिए सहकारिता

**108.** खाद्य और कृषि के लिए पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतरराष्ट्रीय संधि को निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा अंगीकार किया गया था ?

(a) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
(b) विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
(c) संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन (UNFAO)
(d) अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO)

**109.** निम्नलिखित में से किस राज्य ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) का प्रयोग करके मच्छर-जनित रोगों पर नियंत्रण पाने के लिए स्मार्ट मच्छर निगरानी प्रणाली (SMoSS) प्रारंभ की है ?

(a) गुजरात
(b) महाराष्ट्र
(c) आंध्र प्रदेश
(d) मध्य प्रदेश

**110.** सिम्बेक्स (SIMBEX), भारत और निम्नलिखित में से किस देश के बीच आयोजित होने वाला एक वार्षिक समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास है ?

(a) फ्रांस
(b) सिंगापुर
(c) दक्षिण अफ्रीका
(d) ऑस्ट्रेलिया

Prepp
Your Personal Exams Guide

101. What is the theme of National Doctor's Day 2025 ?
(a) Celebrating Resilience and Healing Hands
(b) Save the Saviours
(c) Behind the Mask : Who Heals the Healers ?
(d) Zero tolerance to violence against doctors

102. Namdapha National Park is located in which one of the following States ?
(a) Sikkim
(b) Assam
(c) Manipur
(d) Arunachal Pradesh

103. Indian astronaut Shubhanshu Shukla recently interacted with students from the International Space Station using which one of the following radio services ?
(a) Amateur Radio (Ham radio)
(b) Citizens Band Radio (CB radio)
(c) MicroMobile Radio
(d) Walkie-Talkies

104. ATLAS is an asteroid impact early warning system developed by which one of the following universities ?
(a) University of California
(b) University of Hawaii
(c) University of Oxford
(d) University of Tokyo

105. Which one of the following States/UTs has become the first in India to include screening for tuberculosis (TB) patients under the initiative of "Family Adoption Programme" ?
(a) Puducherry
(b) Bihar
(c) Jammu and Kashmir
(d) Uttarakhand

106. Which species is the natural host of "Nipah Virus" that was reported in Kerala ?
(a) Ant
(b) Fruit bat
(c) Mosquito
(d) Housefly

107. What is the theme for International Cooperatives Day 2025 ?
(a) Cooperatives Build a Better World
(b) Cooperatives for Sustainable Development
(c) Cooperatives Rebuild Better Together
(d) Cooperatives for Climate Action

108. International Treaty on Plant Genetic Resources for Food and Agriculture was adopted by which one of the following organizations ?
(a) United Nations Development Programme (UNDP)
(b) World Health Organization (WHO)
(c) United Nations Food and Agriculture Organization (UNFAO)
(d) International Labour Organization (ILO)

109. Which one of the following States has launched the Smart Mosquito Surveillance System (SMoSS) to control mosquito-borne diseases using AI ?
(a) Gujarat
(b) Maharashtra
(c) Andhra Pradesh
(d) Madhya Pradesh

110. SIMBEX is an annual maritime bilateral exercise held between India and which one of the following countries ?
(a) France
(b) Singapore
(c) South Africa
(d) Australia

Prepp
Your Personal Exams Guide

**111.** मध्य प्रदेश के निम्नलिखित में से किस बाघ रिज़र्व में अभी हाल ही में बंदर पहेली तितली (Monkey Puzzle Butterfly) को देखा गया है ?

(a) बांधवगढ़ बाघ रिज़र्व
(b) सतपुड़ा बाघ रिज़र्व
(c) माधव बाघ रिज़र्व
(d) पेंच बाघ रिज़र्व

**112.** अभी हाल ही में किस देश में अशोक-स्तम्भ की प्रतिकृति का अनावरण किया गया ?

(a) श्रीलंका
(b) भूटान
(c) नेपाल
(d) बांग्लादेश

**113.** किस संस्थान ने चांद्र ईंटों (Lunar Bricks) के जीर्णोद्धार (repair) के लिए जीवाणु-आधारित तकनीक विकसित की है ?

(a) भारतीय विज्ञान संस्थान (IISc), बेंगलुरु
(b) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), दिल्ली
(c) भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (BARC), मुंबई
(d) भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT), मद्रास

**114.** INSV तारिणी द्वारा प्रारंभ किया गया वैश्विक परिनौचालन अभियान का नाम क्या है ?

(a) नाविका सागर परिक्रमा II
(b) समुद्री योद्धा मिशन
(c) समुद्र यात्रा अभियान
(d) विशाखा यात्रा मिशन

**115.** निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य वित्तीय स्वास्थ्य सूचकांक (FHI) 2025 में शीर्ष पर है ?

(a) ओडिशा
(b) मध्य प्रदेश
(c) झारखंड
(d) केरल

**116.** भारतीय डाक (India Post) द्वारा देश भर में मुद्रित शैक्षिक सामग्रियों के वितरण को बढ़ावा देने के लिए प्रारंभ की गई पहल का नाम क्या है ?

(a) ज्ञान डाक (Gyan Post)
(b) सर्व शिक्षा (Sarva Shiksha)
(c) विद्या वाहन (Vidya Vahan)
(d) डाक पाठशाला (Post Pathshala)

**117.** निम्नलिखित में से किस कंपनी ने डीप रिसर्च (Deep Research) नामक एक नया कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) टूल प्रारंभ किया है ?

(a) माइक्रोसॉफ्ट (Microsoft)
(b) मेटा (Meta)
(c) ओपन ए आई (OpenAI)
(d) अमेज़ॉन (Amazon)

**118.** भारत कॉलिंग कॉन्फ्रेंस, 2025 कहाँ आयोजित किया गया ?

(a) नई दिल्ली
(b) हैदराबाद
(c) चेन्नई
(d) मुंबई

**119.** राष्ट्रीय कृषि-नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2025 कहाँ आयोजित किया गया ?

(a) हैदराबाद
(b) नई दिल्ली
(c) चेन्नई
(d) बेंगलुरु

**120.** निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा ग्लोबल एजुकेशन मॉनिटरिंग (GEM) रिपोर्ट 2024 – 25 जारी की गई ?

(a) संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO)
(b) संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP)
(c) विश्व बैंक
(d) प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन

Prepp
Your Personal Exams Guide

**111.** A Monkey Puzzle butterfly was recently spotted at which one of the following tiger reserves in Madhya Pradesh ?

(a) Bandhavgarh Tiger Reserve
(b) Satpura Tiger Reserve
(c) Madhav Tiger Reserve
(d) Pench Tiger Reserve

**112.** A replica of the Ashoka Pillar was recently unveiled in which country ?

(a) Sri Lanka
(b) Bhutan
(c) Nepal
(d) Bangladesh

**113.** Which institute has developed the bacteria-based technique to repair lunar bricks ?

(a) Indian Institute of Science (IISc), Bengaluru
(b) Indian Institute of Technology (IIT), Delhi
(c) Bhabha Atomic Research Centre (BARC), Mumbai
(d) Indian Institute of Technology (IIT), Madras

**114.** What is the name of the global circumnavigation expedition undertaken by INSV Tarini ?

(a) Navika Sagar Parikrama II
(b) Ocean Warriors Mission
(c) Samudra Yatra Expedition
(d) Visakha Yatra Mission

**115.** Which one of the following States has topped in the Fiscal Health Index (FHI) 2025 ?

(a) Odisha
(b) Madhya Pradesh
(c) Jharkhand
(d) Kerala

**116.** What is the name of the initiative launched by India Post to boost the delivery of printed educational materials across the country ?

(a) Gyan Post
(b) Sarv Shiksha
(c) Vidya Vahan
(d) PostPathshala

**117.** Which one of the following companies has launched a new Artificial Intelligence (AI) tool named Deep Research ?

(a) Microsoft
(b) Meta
(c) OpenAI
(d) Amazon

**118.** Where was the Bharat Calling Conference 2025 organized ?

(a) New Delhi
(b) Hyderabad
(c) Chennai
(d) Mumbai

**119.** Where was the National Agriculture-Renewable Energy Summit 2025 held ?

(a) Hyderabad
(b) New Delhi
(c) Chennai
(d) Bengaluru

**120.** The Global Education Monitoring (GEM) Report 2024 – 25 was released by which one of the following organizations ?

(a) United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization (UNESCO)
(b) United Nations Development Programme (UNDP)
(c) World Bank
(d) Pratham Education Foundation

Prepp
Your Personal Exams Guide

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

Prepp
Your Personal Exams Guide

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK

Prepp Your Personal Exam Guide

## कच्चे काम के लिए जगह
## SPACE FOR ROUGH WORK